www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-248 सागवाड़ा, बुधवार, 25 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# प्रेमी युगल ने फंदे से झूलकर सुसाइड किया

## कसारिया-गढिया गांव के जंगल में शव लटकें मिले



**चितरी।** थाना क्षेत्र के कसारिया-गढिया गांव के जंगल में एक प्रेमी युगल ने फंदे से झूलकर सुसाइड कर लिया। युवक विवाहित था और लड़की नाबालिग थी। दोनों को आशंका थी कि परिवार और समाज उनके रिश्ते को स्वीकार नहीं करेगा। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक युवक तीन साल की बच्ची का पिता था। चितरी थाना क्षेत्र के कसारिया गांव की निमा ( 17 ) पुत्री बबला डामोर और ढेबरिया का युवक राहुल ( 26 ) पुत्र छगनलाल हुवर के शव गांव के बहार जंगल में पेड़ की डाल पर लटके होने की खबर से मौके पर भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चितरी थाने के एसआई नरेन्द्र सिंह चौहान, हेड कॉन्स्टेबल दिग्विजय सिंह, जितेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल प्रहलाद सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों के शवों को कब्जे में लिया। कसारिया गांव में विवाह होने से लड़की के परिजन पंचवटी बारात में गए हुए थे। पुलिस ने लड़की के परिजन को सूचना देकर मौके पर बुलवाया तब तक दोनों युगल के शव पेड़ पर ही लटके रहे। जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने हत्या की आशंका जताई और कुछ समय तक हंगामा करते रहे। पुलिस ने समझाइश कर शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शवों को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सागवाड़ा लाया गया। घटना को लेकर डिप्टी नरपत सिंह की ओर से जांच की जा रही है। सुसाइड करने वाला युवक राहुल पहले से विवाहित है। विवाह के बाद उसके तीन साल की बच्ची भी है, जबकी लड़की कुंवारी थी। मंगलवार को उसके घर पर नहीं पहुंचने पर मृतका निमा के परिजन उसकी तलाश में भी थे। दोनों शव को देखकर लग रहा था युगल जोड़े ने एक दिन पहले ही सुसाइड की है। घटना स्थल के आसपास कडाणा बैक वाटर का पानी होने से जब पशु लेकर चरवाहे पहुंचे तब घटना का पता लगा।

## एडवोकेट विपिन शर्मा को जिला संयोजक व एडवोकेट निखिल सोमपुरा को सह संयोजक



**सागवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत के द्वारा विधि प्रकोष्ठ लीगल सेल का गठन किया गया। जिसमें सागवाड़ा जिले से एडवोकेट विपिन शर्मा को जिला संयोजक एडवोकेट निखिल सोमपुरा को सह संयोजक, एडवोकेट मितेश जानी साबला, एडवोकेट धर्मेंद्र पाटीदार और एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह राठौड़ अरथुना को सदस्य नियुक्त किया गया। विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया की विहिप जिला सागवाड़ा के सम्पूर्ण कार्यो को आपके मार्गदर्शन में सम्पन्न होंगे।

# घोटाद पंचायत में चारागाह और बिलानाम भूमि पर क्वार्ट्ज का अवैध खनन

## 192 टन क्वार्ट्ज की पेनाल्टी, 2लाख 10 हजार जुर्माना भरना होगा

**सागवाड़ा।** उपखण्ड क्षेत्र सागवाड़ा के गांव में क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। खनन विभाग, पुलिस, प्रशासन और पंचायत की मिलीभगत के चलते गांव की चारागाह और बिलानाम भूमि को अवैध रूप से खोद कर क्वार्ट्ज पत्थर निकाले जा रहे हैं।

राज्य सरकार के निर्देश पर खनन विभाग की ओर से इन दिनों राज्य भर में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। खनन विभाग के साथ मिल कर सभी विभागों को संयुक्त रूप से अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की जानी थी लेकिन सागवाड़ा उपखंड क्षेत्र में इसके उल्ट धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है।

सागवाड़ा पंचायत समिति की घोटाद पंचायत में भी दो जगह क्वार्ट्ज पत्थर निकाले जा रहे थे। एक जगह चारागाह भूमि पर तो दूसरी जगह बिलानाम जगह पर अवैध खनन किया जा रहा था। बुधवार को खनन विभाग के फोरमेन जसवंत सिंह मौके पर पहुंचे और मौका पर्चा बनाया।

फोरमेन जसवंत सिंह ने बताया कि दोनों जगहों से करीब 192 टन क्वार्ट्ज की पेनाल्टी बनाई है। करीब 2लाख10 हजार रुपये जुर्माना बनता है। रिपोर्ट उच्चाधिकारी को सौंप दी है।

# आई एम शक्ति उड़ान योजना समूचे देश में रोल मॉडल के रूप में उभरेगीः ममता भूपेश




**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने 28 मई को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में बुधवार को होटल क्लार्क आमेर में आयोजित महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला में आई एम शक्ति उड़ान योजना के तहत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता पोस्टर एवं लघु फिल्म का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि प्रदेश में किशोरियों एवं महिलाओं को चरणबद्ध निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवाने के साथ ही उनमें माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु जागरूकता भी लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की महत्वकांक्षी आई एम शक्ति उड़ान योजना आने वाले समय में समूचे देश में एक रोल मॉडल योजना के रूप में उभरेगी।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि आज भी माहवारी को लेकर महिलाएं रूढ़िवादिता का शिकार हैं। जिसके चलते उन्हें बांझपन एवं बच्चेदानी की कैंसर जैसी घातक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पीड़ा को समझा है। उनकी दूरदृष्टि का ही सुपरिणाम है कि प्रदेश में आई एम शक्ति उड़ान योजना शुरू की गई है ।

भूपेश ने कहा कि निरोगी राजस्थान के उद्देश्य को पूरा करने में महिला एवं बाल विकास विभाग महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से उड़ान योजना के तहत महिलाओं में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए जागरूकता लाने में कामयाब होंगे।

## 3 साल के कार्यकाल में गहलोत सरकार फेलः सतीश पूनिया



**डूंगरपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया बांसवाड़ा जाते समय डूंगरपुर रुके जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूनिया पूर्व मंत्री जीतमल खांट की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में पूनिया ने कहा कि 3 साल के कार्यकाल में राज्य की गहलोत सरकार फेल साबित हुई है। इसके खिलाफ बीजेपी पूरे प्रदेश में जन आक्रोश आंदोलन चलाकर प्रदेश के लोगों को जागरूक करेगी। राज्यसभा चुनाव को लेकर पूनिया ने कहा कि राजस्थान में 3 सीटें हैं, जिसमें से 2 कांग्रेस और 1 भाजपा के खाते में आती हुई नजर आ रही है। टिकिट को लेकर उन्होंने आने वाले वक्त में राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए टिकिट मिलने की बात कही। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा के इस्तीफे को लेकर पूनिया ने कहा कि कांग्रेस अब एक ऐसा डूबता जहाज है।

## हेड कॉन्स्टेबल ने मांगी 5 लाख रुपए की रिश्वत

**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** जयपुर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अपने ही हेड कॉन्स्टेबल के खिलाफ रिश्वत की मांग करने का मुकदमा दर्ज किया है। हेड कॉन्स्टेबल ने गंगरार तहसीलदार से फरवरी महीने में पांच लाख रुपए की मांग की थी। फिलहाल हेड कॉन्स्टेबल फरार है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि एसीबी उदयपुर की चौकी पर हेड कॉन्स्टेबल रमेश शर्मा पोस्टेड है और गंगरार के तहसीलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले की जांच कर रहे थे। तहसीलदार नरेश गुर्जर से हेड कॉन्स्टेबल ने एक दलाल के जरिए पांच लाख रुपए की मांग की थी। इनमें से दो लाख रुपए वह ले चुका था और उसी दलाल के जरिए तीन लाख रुपए के लिए फतहनगर, उदयपुर में मिलना तय था। तहसीलदार नरेश गुर्जर ने इसकी शिकायत जयपुर के एसीबी को की थी।

# शहर के 5 हज़ार घर जुड़ेंगे पेयजल और सीवरेज योजना से आरयूआईडीपी के तहत हुए टेंडर 100 करोड़ होंगे खर्च

**सागवाड़ा।** आरयूआईडीपी के तहत सागवाड़ा शहर के लिये शुद्ध पेयजल और सीवरेज का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। शहर में पेयजल और सीवरेज के कार्य पर करीब 100 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इन दोनों कार्यों का टेंड्रर 20 मई को लग चुका हैं जों जून माह में खुलेगा, इसके बाद शहर में पेयजल और सवरेज के काम शुरू होंगे। पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि आरयूआईडीपी के तहत सागवाड़ा शहर को चुना गया था।

जिसके तहत शहर के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल और सीवरेज का प्रबंधन करने की योजना थी। मोहिल ने बताया कि शहर में पेयजल सप्लाई को लेकर सरोदा मार्ग और पुनर्वास कॉलोनी में 1450लाख लीटर और ढाई लाख लीटर की क्षमता वाली पानी की टंकियां बनाई जाएंगी। साथ ही 5504 घरों तक पानी पहुंचाने के लिये 117 किमी. तक पाइप लाईन डाली जाएगी। इस कार्य के तहत शहर की जो सड़के क्षतिग्रस्त होगी उनका सुदृढ़िकरण किया जाएगा।

### पेयजल

* 5504 मकानो में पहुचेगा शुद्ध पानी।
* 117 किमी. नई पाइप लाईन डाली जायेगी।
* 2 पानी की टंकियों का निर्माण होगा।
* 135 ली. पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति मिलेगा।

### सीवरेजः

* 4251 मकान सीवरेज प्लांट से जुडेगें।
* 40 किमी. पाइप लाईन बिछाई जायेगी।
* 1 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा।
* 1 सीवरेज पंपींग स्टेशन बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा में सागवाड़ा शहर को आरयूआईडीपी में शामिल किया था। इसके तहत होने वाले कार्यो में से पेयजल एवं सीवरेज की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। अब शहर 8 किमी. परिक्षेत्र में प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल और हर घर को सीवरेज से जोड़ने का काम किया जायेगा। इसके अगले चरण में शहर के तालाबों के सौंदर्यकरण का काम होगा। जिसकी निविदा भी अगले माह तक निकाली जाएगी।

– **नरेन्द्र खोड़निया, पालिकाध्यक्ष, सागवाड़ा।**

आरयूआईडीपी के पहले चरण में पेयजल और सीवरेज के काम को हाथ में लिया गया है जिसका टेंड्रर लग गया है। इन दोनो कार्यो पर करीब 100 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इसकी मॉनिटरिंग आधूनिक स्काड़ा सिस्टम से होंगे। इन दोनो कार्यो में 10 वर्ष का रखरखाव भी शामिल है। – **लोकेश पाटीदार, जेईएन, नगरपालिका सागवाड़ा।**

### गंदे पानी की होगी रिसाइक्लिंग

शहर के 4251 घरों को सीवरेज के किचन, स्नानाघर और शौचालय से निकलने वाला गंदा पानी पाइप लाइन से सीवरेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) जाएगा। गंदे पानी को यहा से सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) में रिसाइक्लिंग के लिये भेजा जाएगा। इस कार्य के लिये शहर में 40 किमी. पाइप लाइन डाली जाएगी जो घरो से होते हुए इन दोनो प्लांट से जुड़ेगी। घरो से निकलने वाले गंदे पानी को साफकर इसे पुनः उपयोग में लाया जाएगा।

## कोरोना की चौथी लहर, आशंका से इंकार नहींःडॉ सुधीर भंडारी

**जयुपर/कोटा।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी बुधवार को कोटा पहुंचे। उन्होंने कोटा मेडिकल कॉलेज के तृतीय दीक्षांत समारोह में अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में डॉ सुधीर भंडारी ने कोरोना की चौथी लहर को लेकर कहा कि चौथी लहर की आशंका से इंकार नहीं कर सकते लेकिन चौथी लहर आएगी तो वह घातक नहीं होगी। दूसरी और तीसरी लहर के बाद हमारी हर्ड इम्युनिटी अच्छी हो गई है। प्रिकॉशन डोज लगने व बच्चों में वैक्सीनेशन होने के बाद अब चौथी लहर में बहुत केस नहीं आएंगे। संक्रमण की संख्या काफी कम रहेगी और लक्षण भी फ्लू जैसे हो सकते हैं। हालांकि बड़े स्तर पर आई दूसरी व तीसरी लहर की तरह चौथी वेव के आने की संभावना बहुत कम है। बूस्टर डोज के बाद भी कोविड हो सकता है, लेकिन गंभीर स्थिति नहीं बनेगी। हमें अभी भी आगामी एक साल तक कोविड नियमों की पूरी पालना करना होगा। ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर, ह्दय व अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सावचेत रहने की जरूरत है। उन्हें भीड़-भाड़ इलाकों में जाने से बचना चाहिए। डॉ सुधीर भंडारी ने कहा कि देश में आईआईटी की तरह अब हम मेडिकल टूरिज्म में भी मजबूत होंगे। राजस्थान में भी इसकी शुरूआत हो चुकी है। राजस्थान व देश का स्टेंडर्ड मेडिकल एजुकेशन, मैनेजमेंट व डॉक्टर्स की स्कील सबसे बेस्ट है। अब इन्फ्रास्ट्रेक्चर भी वर्ल्ड क्लास हो गया है। इंडियन फिजिशियन ने अपनी पहचान बनाई है। विदेशों में क्वालिटी है, लेकिन कॉमन इलाज नहीं है। इसलिए रूझान हमारे देश के प्रति बढ़ा है। कोटा मेडिकल कॉलेज भी बहुत सुंदर व अच्छा हो गया।

## महंगी जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, धंबोला थाने में हुआ मामला दर्ज

**सीमलवाड़ा।** दो पीड़ित भूमि के सौदागरों ने एक पिता - पुत्र के खिलाफ महंगी जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए धंबोला पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि सीमलवाड़ा निवासी युसूफ पुत्र हाकिम घांची एवं रजाक पुत्र मजीद पटेल ने सीमलवाड़ा हाल कांकरोली निवासी सुरेश चंद्र पुत्र शिवराम त्रिवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि सुरेश चंद्र त्रिवेदी को पैसों की आवश्यकता होने पर उसने अपनी खातेदारी भूमि खसरा नंबर 3232 एवं खसरा नंबर 3835 की जमीन जो कि धंबोला में स्थित है जिसका 1 करोड़ 25 लाख रुपए में सौदा किया । 30 जनवरी 2022 को विक्रय इकरारनामा भी बनाया गया। तब 1 लाख रुपए नकद व 4 लाख का का चेक दिया गया। शेष रकम जून 2022 तक देना तय किया गया था। कुछ दिनों बाद सुरेश चंद्र ने कांकरोली बुलाया और अपने बड़े लड़के प्रशांत उपेंद्र त्रिवेदी के घर पर 50 लाख रुपए प्राप्त किए। सुरेश चंद्र ने यह रकम अपने बड़े बेटे प्रशांत को दिए । खसरा नंबर 3232 की जमीन की रजिस्ट्री 15 मार्च को दोनों पीड़ितों के नाम की। वही सुरेश चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि शेष रकम देने पर दूसरे खसरा नंबर की भी रजिस्ट्री कर देगा। बाद में शेष रकम देने के बावजूद भी सुरेश चंद्र दूसरी रजिस्ट्री कराने में आनाकानी करने लगा। तब खसरा नंबर 3835 की जमाबंदी निकलवाई जिसमें खसरा नंबर 3835 की जमीन अपने बेटे मुकेश के नाम बख्शीशनामा की है। इस प्रकार दोनों खसरा नंबर की जमीन का सौदा होने के बावजूद धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मई को बेटी की शादी से पहले पिता की मौत

## बेटी ने फोन कर पूछा तो पिता ने कहा 10 मिनट में आता हूं, 30 मिनट बाद आ गई मौत की खबर

**डूंगरपुर।** बेटी की शादी से 7 दिन पहले पिता की मौत हो गई। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की रिद्धि राठौड़ निवासी ठाकरडा हाल विजयगंज कॉलोनी डूंगरपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसके पिता मानसिंह राठौड़ (48) ट्रक ड्राइवर है। कल 24 मई को सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे जो रात के समय भी वापस घर नहीं आए। रिद्धि ने बताया की आज बुधवार को सुबह करीब 6 बजे उसने पिता को फोन किया। उन्होंने कहा की 10 से 15 मिनट में आता हूं। बेटी पिता के घर आने का इंतजार करती रही। लेकिन करीब आधे घंटे बाद ही रिद्धि के पास एक फोन आया, जिसमें एक महिला ने खुद को डाबेला की रहने वाली बताया ओर उससे कहा की उसके पिता मानसिह राठौड़ की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर बेटी रिद्धि समेत परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। दोवड़ा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया की बेटी रिद्धि ने रिपोर्ट में पिता मानसिंह के शुगर की बीमारी होना बताया है। वहीं शव के शरीर पर भी किसी तरह के चोंट के निशान नहीं मिले है। बेटी रिद्धि ने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने की मांग की। इस पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। रिद्धि ने ये भी बताया की 31 मई को उसकी शादी होने वाली है। घर परिवार में शादी की तैयारिया चल रही है, लेकिन पिता की मौत के बाद अब ये खुशियां मातम में बदल गई है।

# डॉक्टर दंपत्ति के घर से 25 लाख चोरी के आरोपी मगन उर्फ गदेड़ी ने राजस्थान - गुजरात में 100 से ज्यादा वारदाते कबूली

## सिरोही के जंगलों से 4 किमी तक पीछा कर पकड़ा

**डूंगरपुर।** शहर के बैंकर्स स्ट्रीट में किराए के घर में रहने वाले डॉक्टर दंपती के घर से 25 लाख रुपए के जेवरात चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को सिरोही के जंगलों से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने राजस्थान और गुजरात में 100 से ज्यादा चोरी की वारदाते कबूल की है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया की शहर के बैंकर्स स्ट्रीट में डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के डॉ प्रशांत हिसालकर के घर चोरी की वारदात का खुलासा किया गया है। 19 अप्रैल को डॉक्टर ने कोतवाली थाने में केस दर्ज करवाया था। 13 अप्रैल को डॉ प्रशांत हिसलकर मेडिकल कॉलेज थाना से सीधे ही उदयपुर और फिर कोटा बेटी से मिलने चले गए थे। 19 अप्रैल को वापस घर लौटकर देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे। घर में रखी तिजोरी से 25 लाख रुपए से ज्यादा के सोने - चांदी के जेवरात चोरी हो गए थे।

घटना के बाद कोतवाली सीआई दिलीपदान, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल महनलाल, मनिंदरसिंह, साइबर सेल से अभिषेक, राहुल, जोगेंद्रसिंह व हेमेंद्र सिंह की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने करीब 45 किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कई लोगो से पूछताछ की तो पुलिस को कई अहम सुराग मिले। चोरी के मामले में मगन उर्फ गदेड़ी कालबेलिया (28) निवासी उदयपुर के होने के बारे में पता लगा। आरोपी शातिर चोर है और राजस्थान, गुजरात में चोरी की वारदाते करने का भी मालूम हुआ। पुलिस ने संदिग्ध मगन उर्फ गदेड़ी की तलाश की तो उसके सिरोही के जंगलों में होने का पता लगा। पुलिस उसे पकड़ने के लिए सिरोही के जंगलों में पहुंची तो एक जगह छुपा हुआ मिला। पुलिस को देखते ही वह सामने आ गया और फिर भागने लगा। पुलिस ने करीब 4 किमी तक जंगलों में पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस ने जब आरोपी मगन उर्फ गदेड़ी से पूछताछ की तो डॉक्टर दंपती के सुने घर से चोरी करना कबूल कर लिया। वही आरोपी ने उदयपुर, डूंगरपुर समेत राजस्थान व गुजरात में 100 से ज्यादा जगहों पर चोरी करना बताया है। आरोपी उदयपुर के गोवर्धनविलास थाने का हिस्ट्री शीटर है, जिसके खिलाफ 15 केस दर्ज है। कई मामलों में उसे सजा भी हो चुकी हैं।

### रेकी के बाद चोरी की वारदातो को अंजाम देता

मगन उर्फ गदेड़ी चोरी की वारदातो का मास्टर माइंड है। आरोपी पहले अच्छे और सुने घरों की रेकी करता।

इसके बाद मौका पाकर उनमें लाखो का सामान चोरी कर लेता। आरोपी शातिर है। चोरी के वक्त आरोपी अपना मोबाइल साथ में नहीं रखता था और मोबाइल को दूर रख देता था। लेकिन पुलिस की एक्सपर्ट टीम ने उसकी चालाकी को पस्त कर दिया। आरोपी अपने सहयोगी सुंदरी, आकाश, रोहित, कमलेश, अजय के साथ मिलकर चोरी की वारदाते करता था।

पुलिस अब उसके सहयोगियों की तलाश भी कर रही है।